मांग संख्या 67

मुख्य शीर्ष 4059

मद क्रमांक 1

I. जिला दुर्ग में संयुक्त जिला कार्यालय भवन एवं कलेक्टर भवन उन्नयन कार्य हेतु ₹200.00 लाख का व्यय संभावित है।

II. 05 नवीन जिलों क्रमशः खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सक्ती, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण हेतु ₹9378.00 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹2,00,00,100 प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

जिला कोरिया के बैकुण्ठपुर में कर्मचारियों हेतु ट्रांजिट हॉस्टल भवन निर्माण (अनुमानित लागत ₹250.00 लाख) पर इस वर्ष व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा।

अतः इस प्रयोजन हेतु कुल ₹100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4202

मद क्रमांक 3

1. शासकीय महाविद्यालय सरगांव, जिला मुंगेली में बाऊण्ड्रीवाल निर्माण हेतु ₹ 30.00 लाख का व्यय संभावित है ।
2. शासकीय महाविद्यालय वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में ऑडिटोरियम निर्माण हेतु ₹ 50.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 80,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4216

मद क्रमांक 4

माननीय उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी स्थित सेक्टर-1 में क्रिकेट ग्राउण्ड के सामने मंच निर्माण हेतु ₹ 2.25 लाख एवं रहंगी, चकरभाठा स्थित जी एवं एफ-टाईप कॉलोनी में वाहन रखने के लिए पार्किंग शेड निर्माण हेतु ₹15.04 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 17,29,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 5

1. व्यवहार न्यायालय परिसर घरघोड़ा जिला रायगढ़ के आवासीय भवन के लिए एप्रोच रोड एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण हेतु ₹ 19.77 लाख का व्यय संभावित है ।

2. न्यू सिविल लाईन, राजनांदगांव स्थित शासकीय आवासगृह एफ.जे.-1 में बाउण्ड्रीवाल निर्माण हेतु ₹ 13.48 लाख का व्यय संभावित है ।

3. राजनांदगांव स्थित न्यायिक पूल के शासकीय आवासगृहों में बाउण्ड्रीवाल पानी निकासी हेतु पक्की नाली एवं ओव्हर हैड टैंक निर्माण हेतु ₹ 39.96 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹ 73,21,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 6

बलौदाबाजार के न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर की स्ट्रीट लाईट पर सोलर पैनल की स्थापना हेतु ₹ 25.28 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹ 25,28,000 अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 7

नवगठित 06 जिलों (मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सक्ति, गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही) में जी.ए.डी. क्वार्टर के निर्माण हेतु व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹100 प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4250

मद क्रमांक 8

ग्राम तोरला (अभनपुर) जिला-रायपुर में नवीन आई.टी.आई. के लिए भवन निर्माण हेतु ₹ 53.61 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जायेगा ।

अत: इस प्रयोजन हेतु ₹ 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।